हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026

12 जो हमारे साथ हुआ वह राजनीति नहीं, सत्ता का दुरूपयोग : लूणा



12 फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हुआ था भगवान शिव-पार्वती का विवाह



## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियों सहित पुलिस ने एक युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम रतिया चुंगी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बीनू पुत्र सतनाम सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद नशीली गोलियों का अवैध कारोबार करता है तथा हिसार-सिरसा बाईपास स्थित हासपुर रोड पुल के नीचे नशीली गोलियां लेकर आने वाला है।

### आरटीआई लगाने पर परिवार पर जानलेवा हमला

**फतेहाबाद।** गांव अयाल्की में आरटीआई दायर करने की रंजिश को लेकर हुए हमले के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक नाबालिग को काबू कर उसके अभिभावकों की उपस्थिति में जांच में शामिल किया है। इस प्रकरण में पहले ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे सुरेश कुमार पुत्र कोजु राम निवासी ढाणी खेत, अयाल्की ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में सुरेश ने कहा था कि उसने गांव में मनरेगा कार्यों में कथित अनियमितताओं के संबंध में आरटीआई दायर की थी। इसी रंजिश के चलते एक जून 2025 की रात को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके उपरांत देर रात नामजद व्यक्तियों सहित 15-20 नकाबपोश युवक उसकी ढाणी में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर तोड़फोड़ की।

## सोशल मीडिया पर वीडियो में भाई-भाभी पर दिखाया गुस्सा

# रिश्तों की दरार ने ली युवा जिंदगी की बलि

### आरओ सेंटर कर्मचारी ने फंदा लगाकर दी जान

**‘अगर इतनी ही नफरत होने लगी है हमसे, तो दिल से ऐसी कोई दुआ करना कि तुम्हारी दुआ भी कबूल हो जाए और हमारी मौत भी हो जाए’**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

शहर के सरदूलगढ़ कैंची स्थित एक आरओ सर्विस सेंटर पर काम करने वाले उत्तर प्रदेश के युवक ने पंखे से फंदा लगाकर अपनी जी व न ली ला समाप्त कर ली। सुसाइड से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें उसने अपने बड़े भाई और भाभी के प्रति गहरा दुख और गुस्सा जाहिर किया है।

**• युवक ने कहा गर्लफ्रेंड जिम्मेदार, भाई-भाभी शव न छुएं**

मृतक की पहचान 27 वर्षीय आलोक के रूप में हुई है, जो यूपी के औरैया जिले के गांव मुरही का रहने वाला था। सुबह जब छोटे भाई ने शव देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मॉच्र्युरी में रखवा दिया।

युवक ने वीडियो में कहा कि उसके शव को भाई और भाभी को न छूने दिया जाए। उन्होंने मेरे साथ गलत किया है। गर्लफ्रेंड के साथ भी युवक ने मरने से पहले एक वीडियो पोस्ट की। इसमें युवक ने बैकग्राउंड पर सॉन्ग लगाया ‘अगर इतनी ही नफरत होने लगी है हमसे, तो दिल से ऐसी कोई दुआ करना कि तुम्हारी दुआ भी कबूल हो जाए और हमारी मौत भी हो जाए।’ मिली जानकारी के रतिया के सरदूलगढ़ कैंची स्थित आरओ कैंपर सर्विस सेंटर में काम करने वाले आलोक (27) ने गुरुवार-शुक्रवार की रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। अनुराग यूपी में औरैया जिले के मुरही गांव का रहने वाला था।

उसके छोटे भाई अनुराग ने बताया कि 3 साल से बड़े भाई की साली से आलोक का रिलेशन था। अनुराग फल्ट फ्लोर में रूम में सोया हुआ था। सुबह उठकर उसने देखा तो आलोक रूम में नहीं मिला। इसके बाद वो नीचे आया तो आलोक का शव गैलरी के पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची सिटी थाना रतिया पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया।

इस मामले में रतिया सिटी थाना एसएचओ पुष्पा सिहाग ने बताया कि सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच करवाई गई। परिजनों को सूचित कर दिया है। मृतक यूपी के औरेया का रहने वाला था। उनके बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन वीडियो में यह कहा

युवक द्वारा सुसाइट से पहले तीन वीडियो सोशल मीडिया पर डाले गए। पहली वीडियो में युवक ने कहा कि गांववालों और सब से यही कहना चाहता हूं कि जब उसका शव गांव पहुंचे तो उसके भाई और भाभी शव के हाथ न लगाएं। कोई हाथ मत लगाने देना इन लोगों को। दूसरे वीडियो में युवक ने कहा कि आज अगर मैं, कोई भी कदम उठा रहा हूं भाई। इसका कारण मेरे बड़े भाई और भाभी हैं। उसकी बहन और उसके घरवाले हैं। ज्यादा जानने के लिए मेरी इंस्टाग्राम की आईडी देखें, उससे पता चलेगा कि क्या मामला है। आज मेरे भाई- भाभी ने इतनी बुरी बातें बोली हैं कि मैं ये कदम उठाने जा रहा हूं। दो वीडियो शूट करने के बाद युवक ने एक अन्य वीडियो भी पोस्ट की। इस वीडियो में युवक ने गर्लफ्रेंड के साथ 3 फोटो लगाई है। तीनों फोटो अलग- अलग एंगल से ली गई हैं, जिसमें दोनों एक साथ बैठे दिखाई दे रहे हैं। वहीं इस वीडियो के बैकग्राउंड में युवक ने एक सॉन्ग भी लगाया है।



मृतक युवक आलोक। (फाइल फोटो)

### मृतक के भाई ने कहा

आलोक के पास रहने वाले उसके छोटा भाई अनुराग ने बताया कि वे तीन भाई और दो बहनें हैं। उसका सबसे बड़ा भाई लवलेश है। उससे छोटा आलोक और वह सबसे छोटा है। दो बहनें लक्ष्मी और रूसी की शादी हो चुकी है। पिता और बड़ा भाई-भाभी गांव में रहते हैं। मां का 8 साल पहले निधन हो गया था। अनुराग ने बताया कि आलोक का भाई की साली के साथ तीन साल से अफेयर था। वह उससे शादी करना चाहता था। दोनों की पहले फोन पर भी बातचीत होती रहती थी। मगर, अब कुछ महीने से बड़े भाई ने बातचीत बंद करवा दी थी। अनुराग ने बताया कि शादी की बात को लेकर ही आलोक का परिवारवालों से झगड़ा हो गया था। पहले तो बड़े भाई ने कहा कि शादी करवा देंगे। फिर मना कर दिया। परिजनों ने आलोक की गर्लफ्रेंड को भी धमकाया था। इसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ।

## नोखा-मुकाम के लिए शुरू हुई बस सेवा

■ पूर्व विधायक ने झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद के नए बस अड्डे से नोखा-मुकाम के लिए विशेष हरियाणा रोडवेज बस सेवा शुक्रवार से शुरू हो गई है। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। मुकाम मेले के अवसर पर शुरू की गई इस बस सेवा का क्षेत्र के नागरिकों व श्रद्धालुओं ने स्वागत करते हुए इसे जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पूर्व विधायक ने कहा कि राजस्थान स्थित पवित्र मुक्ति धाम मुकाम में आयोजित होने वाले गुरु जम्भेश्वर धाम मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को अब सीधी व सुरक्षित यात्रा सुविधा मिलेगी। पहले यात्रियों को विभिन्न स्थानों पर बसें बदलनी पड़ती थीं, जिससे समय और धन दोनों अधिक खर्च होते थे, जबकि अब यह सेवा यात्रा को सरल और सुगम बनाएगी।



**फतेहाबाद।** नोखा-मुकाम के लिए बस को रवाना करते पूर्व विधायक।

### सुबह नौ बजे निकलेगी पहली बस

रोडवेज महाप्रबंधक महेन्द्र शर्मा ने बताया कि विशेष बस सेवा 13 से 18 फरवरी तक संचालित की जाएगी। पहली बस प्रतिदिन सुबह 9 बजे फतेहाबाद से रवाना होकर शाम लगभग 5 बजे मुकाम पहुंचेगी तथा वापसी सेवा भी 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। इस मार्ग का किराया लगभग 385 रुपये निर्धारित किया गया है, जिससे श्रद्धालु किफायती दर पर यात्रा कर सकेंगे।

### महिला के खाते से साइबर ठगों ने 1.87 लाख रुपये निकाले

**फतेहाबाद।** शहर की ठाकर बस्ती निवासी एक महिला के बैंक अकाउंट से साइबर ठगों ने 1.87 लाख रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए। महिला को जब अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। महिला का आरोप है कि बिना कोई ओटीपी आए उसके खाते से यह राशि निकाली गई है। शुक्रवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ठाकर बस्ती निवासी शीतल पत्नी भरत कुमार ने बताया है कि उसने अपनी माता सुशीला पत्नी गजानंद गर्ग का पंजाब नेशनल बैंक, शाखा धर्मशाला रोड फतेहाबाद में ज्वाइंट खाता खुलवाया हुआ है। उसकी माता की मृत्यु के बाद वह इस बैंक खाते से स्वयं लेन-देन करती है।

## पुलिस पर फायरिंग करने करने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान मोनू उर्फ मोनी पुत्र बीरा राम निवासी तिलक नगर, टोहाना के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में थाना शहर टोहाना में 7 फरवरी को मामला दर्ज किया गया था। 7 फरवरी को अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना को विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि 4 फरवरी को बस स्टैंड टोहाना के सामने दुकान पर फायरिंग कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पुनः किसी वारदात की फिराक में क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा नया हिसार बाईपास, डांगरा रोड क्षेत्र में घेराबंदी की गई। पुलिस पार्टी को देखकर आरोपी मोटरसाइकिल पर भागने लगे। पीछा करने पर बलियावाला हैड के पास कच्चे रास्ते पर दोनों आरोपी गिर गए और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से अवैध हथियारों से फायरिंग कर दी।



**टोहाना।** पुलिस पर फायरिंग मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*



नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000

# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट



**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

लाइफ Style



# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला



### एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



### स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।




## रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




## शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष'का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

### वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

#### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

#### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

#### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

## वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

**थलाइवर थंबी थलाइमायिल**

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

## ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप

### बाबा बालक नाथ के झंडे की शोभायात्रा 15 को

**सिरसा।** शहर के कंगनपुर रोड स्थित मंदिर सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ जी के झंडे की वार्षिक शोभा यात्रा 15 फरवरी को निकाली जाएगी। शोभायात्रा अनाज मंडी रोड, बंद गेट, सूरतगढिया बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, पुराना सिविल अस्पताल रोड, शास्त्री कॉलोनी, रोड़ी बाजार, भादरा बाजार से होकर अग्रसेन कॉलोनी, कीर्तिनगर से होकर ऑटो मार्केट रोड गणेश विहार स्थित पवन बांसल के निवास स्थान पर विश्राम करने के उपरांत झंडे की पैदल यात्रा दोपहर 1 बजे आरंभ होकर हरिविष्णु कॉलोनी कंगनपुर रोड, भगत सिंह कॉलोनी, भारत नगर से होते हुए मंदिर प्रांगण में संपूर्ण होगी।

### जाखल पुलिस ने हेरोइन सहित दो को पकड़ा

**जाखल।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जाखल पुलिस ने बाईक सवार दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जगदीप सिंह उर्फ बग्गा पुत्र बलबिंद्र सिंह तथा रणजीत सिंह उर्फ पोकल निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम रेलवे पुल के नीचे क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर अचानक मुड़कर भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और दोनों को काबू कर लिया।

### मूर्ति स्थापना दिवस पर जागरण का आयोजन

**ओढां।** श्री अखण्ड ज्योति हनुमान मंदिर ओढ़ा में मूर्ति स्थापना दिवस पर रात्रि को बाला जी के विशाल जागरण का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जागरण भजन गायक पी के परवाना एंड पार्टी ढुडियांवाली वालों ने हनुमान के भजन गाकर समां बांध दिया। जागरण में पी के परवाना एंड पार्टी ने भजन बाबा तान छतरी, छोटा सा बानर हट कर गयो, वीर हनुमाना अति बलवाना, दुनिया चले न श्री राम के बिना, बाबा चरणों में सर को झुकाता रहूं, बजरंग बली मेरी नाव चली, आ लौट के आजा हनुमान, दुनिया में देव हजारों हैं, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना आदि भजन सुनाकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### शिव लाल सिंगल के निधन पर जताया शोक

**सिरसा।** पूर्व राज्यपाल प्रो गणेशी लाल के छोटे भाई स्वः प्रो. शिव लाल सिंगल के निधन पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, सिरसा विधायक गोकुल सेतिया, एडीजे सिरसा नरेश सिंगल, डबवाली भाजपा की जिला अध्यक्ष रेनू शर्मा, सुरेंद्र मल्होत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा, राजेन्द्र गनेरीवाला, अग्रवाल सभा के प्रधान जेपी गुप्ता, सुनील सराफ, शंकर गोयल एडवोकेट ,गुरदेव राही, नगर परिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप, रोहताश जांगडा, युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा आदि ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित नेताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वः शिव लाल सिंगल एक सरल, सौम्य और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

### बच्चा गोद लेने के लिए अब ऑनलाइन होगा आवेदन

**सिरसा।** सरकार द्वारा बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया को पहले से अधिक सरल किया गया है ताकि नागरिकों को बच्चा गोद लेने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। अब दंपत्ति को बच्चा गोद लेने के लिए आवेदन ऑनलाइन होंगे और जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा आवेदक के बारे में सारी जांच की जाएगी। सारी शर्तें पूरी होने उपरांत ही जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बच्चा गोद लेने के लिए अप्रूवल दी जाएगी। दो साल के बच्चे को गोद लेने वाले दंपत्ति की संयुक्त आयु अधिकतम 85 साल तथा सिंगल पेरेंट की अधिकतम आयु 40 साल होनी अनिवार्य है।

## जनगणना-2027 डिजिटल माध्यम से होगी

# एक मई से जिलाभर में घरों का सूचीबद्ध कार्य होगा शुरू

**डीसी डॉ. विवेक भारती ने जनगणना की तैयारियों को लेकर आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**

- प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति जनगणना से वंचित न रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


फतेहाबाद। जनगणना को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 देश के प्रशासनिक इतिहास में एक नया अध्याय जोडने जा रही है, क्योंकि यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जनगणना की तैयारियों को लेकर आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना के लिए नियुक्त स्टाफ का उचित प्रशिक्षण कराएं। प्रशिक्षण में सभी बिंदुओं को सही तरीके से कवर करें। बैठक में डिजिटल जनगणना प्रक्रिया की विस्तार से बिंदुवार जानकारी दी गई।

डीसी ने कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग का कार्य एक मई 2026 से आरंभ होगा, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। इन दोनों चरणों में प्रत्येक परिवार और प्रत्येक व्यक्ति का सटीक विवरण दर्ज किया जाएगा।

डीसी ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस होगी। मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से घर-घर जाकर आंकड़े सीधे डिजिटल रूप से दर्ज किए जाएंगे। इससे न केवल डेटा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा, बल्कि मानवीय त्रुटियां भी न्यूनतम होंगी और डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय भी काफी कम हो जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद बनेगी।

### कोई भी जनगणना से वंचित न रहे

डीसी ने कहा कि जनगणना के आंकड़े केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं, संसाधनों के उचित वितरण तथा विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इससे यह भी आकलन होता है कि सरकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी सिद्ध हुई हैं और किन क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति जनगणना से वंचित न रहे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण, हाउस लिस्टिंग तथा जनसंख्या गणना सहित जनगणना के सभी आगामी चरणों में जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों का आपसी समन्वय और सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि यह राष्ट्रीय कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न हो सके।

## रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में एयरफोर्स स्कूल की नायरा ने जीता गोल्ड



**सिरसा।** एयरफोर्स स्कूल, सिरसा की छात्रा नायरा ने जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में अंडर-6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीतकर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू रानी ने नायरा व उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए बताया कि द विज्डम स्कूल में आयोजित इस जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग आयु वर्ग में भाग लिया। अंडर-6 आयु वर्ग में स्कूल की छात्रा नायरा ने अपने कला कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है, खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से परिपक्व बनाते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। प्रिंसीपल ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में कंपीटिशन की भावना भी बढ़ती है और वे हर बार नए जोश के साथ आगे बढ़ते हैं। प्रिंसीपल अंजूरानी ने कहा कि स्कूल में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बेहतर अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## कोर्ट की फटकार के बाद एडवोकेट की शिकायत पर बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस द्वारा कुख्यात बदमाशों के विरूद्ध कार्रवाई न करने पर आज कोर्ट ने जमकर पुलिस की खिंचाई की। जिसके बाद एडवोकेट अरूण शर्मा की शिकायत पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। इस मामला में वकील अरूण शर्मा ने 5 जनवरी को सीसीटीवी फुटेज देकर शहर पुलिस को शिकायत दी थी कि 5 जनवरी को मातुराम कालोनी में उनके घर के बाहर जतिन जग्गा निवासी आर्यभट्ट स्कूल वाली गली, दीपक उर्फ माथा व प्रिंस निवासी नहर कालोनी व तीन अन्य लोगों ने तेज गति से कार चलाकर उनके घर खड़ी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक उसकी कार से जा टकराई और उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद कालोनी व उसके परिवार में भय का माहौल व्याप्त हो गया। अरूण ने अपनी शिकायत में कहा कि इस घटना के बाद कार चालकों द्वारा गली में आतंक फैलाने वाली हरकतें की गई।

### शिकायत पर कार्रवाई न हुई तो ली कोर्ट की शरण

*अरूण शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो अरूण ने एसीजेएम डा. मधुर बजाज की कोर्ट में याचिका दायर कर उसकी शिकायत की स्टेटस रिपोर्ट जानने का अनुरोध किया। कोर्ट के नोटिस पर जांच अधिकारी नरेंद्र सिंह ने कोर्ट में कहा कि उसने डीडीआर में रपट दर्ज कर ली है। इस पर कोर्ट ने फटकार लगाई और 19 फरवरी तक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। कोर्ट के सख्त रूख के चलते पुलिस ने अब जतिन जग्गा, दीपक, प्रिंस व तीन अन्य के विरूद्ध धारा 281, 125, 324 (4), 351(2), 190, 191(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने वीरवार को दीपक निवासी मातुराम कालोनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले भी 11 मुकदमें दर्ज है।*

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल, दरियापुर में उत्साह के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास, उत्साह और रचनात्मकता के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, मंच पर बोलने की क्षमता, रचनात्मक सोच तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में फूल, सब्जियां, पशु-पक्षी, देशभक्ति से ओत-प्रोत वीर सपूतों तथा धार्मिक पात्रों जैसे राधा-कृष्ण, राम-सीता-लक्ष्मण, शिव-पार्वती आदि का अत्यंत मनमोहक एवं जीवंत प्रस्तुतीकरण किया। बच्चों की सुंदर वेशभूषा, संवाद अदायगी और आत्मविश्वासपूर्ण मंच प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की खूब सराहना की। निर्णायक मंडल सदस्य नीरजा ठकराल व गीता रानी बच्चों की शानदार प्रस्तुति देखकर अत्यंत आनंदित एवं प्रभावित हुई। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के एमडी. दर्शन मेहता, चेयरपर्सन अंजली मेहता, डायरेक्टर साहिल मेहता तथा प्रधानाचार्या सीमा कोचर ने प्रतिभागी बच्चों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही शिक्षकों के सहयोग और अभिभावकों के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

### फर्जी लिंक के माध्यम से 40 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी, दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान प्रदीप उर्फ सीटू पुत्र हंसराज तथा सुरेंद्र उर्फ सोनू पुत्र जय प्रकाश निवासी बरवाला के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को भी काबू किया जा चुका है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक शादी राम ने बताया कि इस बारे शिव कुमार पुत्र सुभाष निवासी गांव पिरथला, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 2 दिसंबर 2025 को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय उन्होंने अनजाने में एक संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके पश्चात उनके मोबाइल फोन का अनधिकृत रूप से एक्सेस प्राप्त कर उनके एचडीएफसी बैंक खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 40 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई। शिकायतकर्ता द्वारा साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 8 ड्रग इंस्पेक्टरों के साथ संयुक्त अभियान, नशे के खिलाफ कड़ा प्रहार



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए ड्रग विभाग के साथ संयुक्त रूप से विशेष सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के तहत आठ ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से जिलेभर में व्यापक स्तर पर जांच की। इस संयुक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं की अवैध बिक्री, बिना लाइसेंस दवा विक्रय तथा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। पुलिस एवं ड्रग विभाग की टीमों ने शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए गहन निरीक्षण किया।

### बुलेट सवार युवक से 1180 नशीली गोलियां बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**टोहाना।** सीआईए टोहाना टीम ने एक युवक को भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निशान सिंह पुत्र जीताराम निवासी मंडवी, जिला संगरूर के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना के प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार अपनी टीम के साथ मनियाना रोड, रजबाहा पुल, टिब्बा बस्ती टोहाना क्षेत्र में गश्त एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु मौजूद थे। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि निशान सिंह रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल पर नशीली गोलियां लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद उक्त मोटरसाइकिल सवार को रोककर काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1180 नशीली गोलियां बरामद हुई। इस पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तारकर बरामद नशीली गोलियों एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। उसके खिलाफ थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।


सिरसा। महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण करते भारतीय जाट विकास मंच के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय जाट विकास मंच ने मनाई महाराजा सूरजमल की जयंती

**सिरसा।** भारतीय जाट विकास मंच द्वारा शुक्रवार को महाराजा सूरजमल की जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बरनाला रोडू स्थित सूरजमल चौक पर किया गया। मंच के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने सामाजिक समरसता को महत्व दिया था, इसलिए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सूरजमल ने सामाजिक ताने बाने को महत्व देते हुए अपने शासन में सभी वर्गों को विशेष अहमियत दी थी। इस दौरान भारतीय जाट विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट हनुमान गोदारा ने कहा कि आज हमें ऐसे महापुरुषों की जयंतियां मना कर न केवल युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से अवगत करा सकते हैं बल्कि देश भगती का जज्बा भी पैदा कर सकते हैं। इस अवसर पर मदन लाखलान, भागीरथ कस्वां, राजेश सिधू, राजपाल कड़वासरा, कृष्ण पलथानिया, अरविंद बैनीवाल, राजेश सहारण, दीपक लाखलान, राजीव तेतरवाल, रणबीर बांगडवा, डॉ. राम किशन खोथ, ओम प्रकाश पूनिया, इंद्रपाल कस्वां, डॉ. आत्माराम सिहाग, मुकेश लाखलान, कुलदीप खटक, अजब बैनीवाल, सुनील रिणवा, संदीप तेतरवाल, सुनील गोदारा, जगरूप कस्वां, दिनेश घणघस सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

**निरीक्षण** | एडीजीपी हिसार रेंज ने किया फतेहाबाद पुलिस लाइन के मालखाना का निरीक्षण

# एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त प्रॉपर्टी का लिया जायजा, दिए सख्त एवं पारदर्शी प्रबंधन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


फतेहाबाद। पुलिस लाइन स्थित मालखाना का निरीक्षण करते एडीजीपी कृष्ण कुमार राव। फोटो : हरिभूमि

हिसार रेंज के एडीजीपी कृष्ण कुमार राव ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित मालखाना का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त की गई केस प्रॉपर्टी/मदों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा उनके सुरक्षित रख-रखाव, रिकॉर्ड संधारण एवं कानूनी प्रक्रिया के अनुपालन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।

एडीजीपी ने मालखाना प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा करते हुए जब्तशुदा सामग्री के वैज्ञानिक संरक्षण, सटीक अभिलेख संधारण तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि या बाधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्राइम कुलबंत सिंह, प्रवक्ता संदीप कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत एडीजीपी ने पुलिस लाइन के सभागार हॉल में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, अपराध नियंत्रण की रणनीति, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा विशेष अभियानों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

### यह कहा एडीजीपी ने

एडीजीपी ने निर्देश दिए कि नशा तस्करी, संगठित अपराध एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर, सख्त एवं परिणाममुखी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने आमजन के साथ संवाद बढ़ाने, संवेदनशील पुलिसिंग अपनाने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। एसपी सिद्धांत जैन ने जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियानों, अपराध नियंत्रण में प्राप्त सफलताओं एवं नशा विरोधी अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा आश्वस्त किया कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित रूप से करें योग

**सिरसा।** आयुष विभाग द्वारा चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के समापन पर शुक्रवार को पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए योग साधकों, आयुष योग सहायकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवम ने कहा कि योग और सूर्य नमस्कार से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होता है तथा पुलिस बल सहित हर वर्ग को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग सभी के लिए लाभकारी है, हर व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि सूर्य नमस्कार भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह एक समग्र योग प्रक्रिया है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा को भी बढ़ावा देती है।



### स्थापना दिवस पर निकाली शोभाया यात्रा

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के स्थापना महोत्सव भव्य निशान यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा बगीची धाम से आरंभ हुई। इससे पूर्व बाबा श्याम की आरती की गई। शोभायात्रा मंदिर से चलकर अनाजमंडी, शिव चौक, चांदनी चौक बाजार, भादरा बाजार, काठ मंडी, गोल डिग्गी, परशुराम चौक, हिसारिया बाजार, भगत सिंह चौक, रोड़ी बाजार, सुभाष चौक, जगदेव सिंह चौक, जनता भवन रोड होते हुए मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में 2100 अधिक महिला एवं पुरुष श्रद्धालु हाथों में बाबा का निशान लेकर शामिल हुए। इसके अलावा अनेक देवी देवताओं की झांकियां, भोले शंकर, मां काली, राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

### सीडीएलयू के पांच शोधार्थियों को मिली पीएचडी डिग्री

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने परीक्षकों के बोर्ड व शोध समिति की अनुशंसा पर पांच शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजकुमार सलार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित रिसर्च डिग्री कमेटी की बैठक में गणित विभाग की अमरज्योत, भौतिक विभाग के सोमवीर, प्रबंधन विभाग की प्रीती व कमल प्रीत कौर, शारीरिक शिक्षा विभाग के हरदीप को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अध्यक्षों सहित रिवल ब्रांच की अधीक्षक रश्मि बब्बर तथा सहायक धर्मवीर उपस्थित थे।



### छह लोगों की जान बचाने वालों को किया सम्मानित

**सिरसा।** कैरावाली और माखो सरानी के बीच नोहर फीडर नहर में डूब रही कार सवार छह जिंदगियों को बचाने वाले चार जांबाज युवाओं को कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा ने शुक्रवार को अपने मोहल्ला जांडवाला स्थित अपने कार्यालय कार्यालय में सम्मानित किया। राजेश सिद्धू, प्रदीप कासनिया, प्रमोद कासनिया व रमेश भाकर को सम्मानित करते हुए राजकुमार शर्मा ने कहा कि आज के इस दौर में इंसानियत मरती जा रही है। अपनी आंखों के सामने अनहोनी होते देख लोग उनकी मदद करने की बजाय मोबाइल पर रील बनाने में ज्यादा रुचि लेते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक और व्यूज पाने की होड़ ने मानवता को पीछे धकेल दिया है। ऐसे समय में उक्त चारों युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की जिंदगी बचाकर मानवता की नई मिसाल पेश की है। युवाओं को इनकी बहादुरी से प्रेरणा लेनी चाहिए।




### सीएमके में कार्यशाला का आयोजन

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वेस्ट मीटिरियल उपयोग के द्वारा कपडे के बैग बनानें पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रंजना ग्रोवर कहा कि हमारें घर में ऐसी बहुत सी वस्तुएं होती हैं। जिनसे उपयोगी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। वर्तमान में प्लास्टिक उत्पाद का बाजार निरंतर तीव्र गति से बढ़ रहा हैं। जो कि हमारें पर्यावरण के बेहद धातक सिद्ध हुआ हैं। इस गम्भीर समस्या से निजात पाने के लिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। अर्थात हम सभी को विश्व कल्याण हेतु, पर्यावरण संरक्षण हेतु घर में ही उपलब्ध कपड़े से ही बैग इत्यादि बनानें चाहिए। इससे ना केवल वेस्ट मीटिरियल का उपयोग होगा। अपितु पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता हैं। इस अवसर पर डॉ. रमा सर्राफ, डॉ. निशा तेलंगा, प्रियंका रानी, डॉ. स्वाति केडिया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### खेत के खाल में गिरने से युवक की मौत

**डबवाली।** उपमंडल के गांव नीलियांवाली में एक युवक की खेत के खाल में गिरने से मौत हो गई। युवक कर्णवीर अपने ननिहाल में रहता था और गुरुवार को घर से लापता हो गया था। रात को उसकी लाश खेत के पानी से भरे खाल में मिली। शुक्रवार को शव का डबवाली के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक कर्णवीर के मामा लखबीर सिंह ने बताया कि उसका भांजा पिछले छह-सात साल से उन्हें के पास गांव नीलियांवाली में रह रहा था। गुरुवार शाम को वह अचानक घर से कहीं चला गया। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**डबवाली।** डबवाली से बठिंडा जा रही एक सवारी गाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की जान चली गई। हादसा डबवाली के नजदीकी गांव डूमवाली के पास हुआ। मृतका की पहचान बेअंत कौर पत्नी रेशम सिंह के रूप में हुई है। ट्रेन डबवाली से रवाना होकर बठिंडा जा रही थी तभी महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना जीआरपी संगत (पंजाब) को दी। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि बेअंत कौर काफी समय से मानसिक रूप से बीमारी थी और उसका इलाज चल रहा था।

### हजारों रुपये लेकर वाहन हड़पा, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन खरीद को लेकर धोखाधड़ी करने के एक मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इसी प्रकरण में एक अन्य आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने दिनेश कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी पुरानी अनाज मंडी, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार आरोपी रोहताश ने अशोक लीलैंड कंपनी की गाड़ी खरीदने का सौदा किया।

### ज्वेलर्स से ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने रानियां के एक ज्वेलर्स से ऑनलाइन ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुरुक्षेत्र निवासी अभिषेक व पंजाब के मोहाली निवासी मुदसीर अहमद के रूप में हुई है। रानियां निवासी ज्वेलर्स इंद्रपाल ने बताया कि उसकी दुकान पर अभिषेक नामक युवक आया और सोने की अंगूठी व टॉप्स खरीदे, जिनकी कीमत 82 हजार रुपये थी।

### भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (आरआईएमसी), देहरादून द्वारा जनवरी 2027 सत्र में कक्षा आठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। जुलाई 2026 सत्र के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा 7 जून 2026 (रविवार) को संपन्न होगी। अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2027 को साढ़े 11 वर्ष से कम तथा 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

---

### अध्यक्ष पद गंवाने के 22 दिन बाद झलका ज्योति का दर्द

# जो हमारे साथ हुआ वह राजनीति नहीं, सत्ता का दुरूपयोग : लूणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भट्टू पंचायत समिति पद के अध्यक्ष पद से हटने के बाद ज्योति लूणा ने आज सोशल मीडिया पर अपना दर्द ब्यां किया। पूर्व विधायक दुड़ाराम का बिना नाम लिए ज्योति ने लिखा कि '2024 में तो घर बैठाया है, साल 2029 में नाक रगड़वाने का काम करेंगे'। पूर्व अध्यक्ष ने लिखा कि हमारे साथ गलत हुआ है। सत्ता का गलत इस्तेमाल और पैसों का दुरुपयोग किया गया है। पूर्व अध्यक्ष ही सोशल मीडिया पर यह पोस्ट आज राजनेताओं में चर्चा का विषय रही।

बता दें कि, 22 जनवरी को भट्टू पंचायत समिति के 21 में से 18 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर ज्योति लूणा को अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। इसके बाद 9 फरवरी को हुई बैठक में इन सदस्यों ने अनु सरबटा को नई अध्यक्ष चुन लिया था। पद से हटने के करीब 22 दिन बाद ज्योति लूणा का दर्द झलका है। ज्योति लूणा व उसके पति प्रवीण लूणा ने फेसबुक पर विरोधियों पर निशाना साधते हुए लिखा है कि, 'दोस्तों, जो हमारे साथ हुआ, वो राजनीति नहीं, सत्ता का गलत इस्तेमाल और पैसों का दुरुपयोग था। लेकिन इतिहास गवाह है-2024 में हमने ताकतवरों के मंत्री बनने का सपना तोड़ा, विधायक बनने नहीं दिया। तो आप निराश मत हो। आज मैं अपने दोस्तों से अपील करता हूं, आओ, 2029 के लिए आज ही पक्की शपथ लें। मैं मेरे समाज परिवार के पैर पकडक़र मनाऊंगा। लेकिन इंसाफ और हक की लड़ाई नहीं छोड़ूंगा। भूना, बैजलपुर, मोची, गोरखपुर, कुम्हारिया, खाराखेड़ी, काजल, बड़ोपल, एमपी रोही, खजुरी जाटी, नहला इनमें सभी से मिलकर हकीकत बताएंगे। बताएंगे कि हमारे साथ गलत किया है, अगर हमारे समाज परिवार क्रो बचाना है तो इनको वोट स्पॉट नहीं करना।' फेसबुक पर ही की गई पोस्ट पर किए गए एक कमेंट के जवाब में चेयरपर्सन पति प्रवीण लूणा की ओर से लिखा गया है कि 2024 में घर बैठाया है, 2029 में नाक रगड़वाने का काम करेंगे।





Jyoti Parveen Luna Chair...
दोस्तों,
जो हमारे साथ हुआ, वो राजनीति नहीं–
सत्ता का गलत इस्तेमाल और पैसों का दुरुपयोग था
लेकिन इतिहास गवाह है–
2024 में हमने ताकतवरों के मंत्री बनने का सपना तोड़ा,
विधायक बनने नहीं दिया।
तो आप निराश मत हो
आज मैं अपने दोस्तों से अपील करता हूँ–
आओ, 2029 के लिए आज ही पक्की शपथ लें।
मैं मेरे समाज परिवार के
पैर पकड़कर मनाऊँगा–
लेकिन इंसाफ और हक की लड़ाई नहीं छोड़ूँगा।
इन गांव में मेरी रिश्तेदारी है, भूना, बैजलपुर, मोची, गोरखपुर, कुम्हारिया, खाराखेड़ी, काजल, बड़ोपल, mp रोहि, खजुरी नहला, इन सभी से मिल कर हकीकत बताएंगे, की हमारे साथ गलत किया है अगर हमारे समाज परिवार को बचाना है तो इनको वोट स्पॉट नहीं करना, धन्यवाद

**फतेहाबाद।** पूर्व विधायक दुड़ाराम के साथ ज्योति लूणा व फेसबुक पर डाला गया पोस्ट।

#### दुड़ाराम ने ही बनाया था अध्यक्ष

दरअसल, ज्योति लूणा को साल 2022 में तत्कालीन बीजेपी विधायक दुड़ाराम ने ही अध्यक्ष बनाया था, मगर धीरे-धीरे दोनों के बीच खटास आ गई। 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान ज्योति लूणा के परिवार ने दुड़ाराम से बगावत कर दी। वह खुले तौर पर कांग्रेस प्रत्याशी बलवान दौलतपुरिया के समर्थन में उतर गए। इससे भट्टू क्षेत्र में दुड़ाराम को नुकसान उठाना पड़ा और विधानसभा चुनाव में दुड़ाराम हार गए। इसके बाद से ज्योति लूणा को कुर्सी से हटाने की कोशिशें शुरू कर दी गई। ज्योति लूणा को हटाने के लिए साल 2024 में पहली कोशिश की गई थी। उस समय ज्योति अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो गई थी। 31 दिसंबर 2024 को अविश्वास प्रस्ताव पर हुई मीटिंग के दौरान सिर्फ ज्योति अकेली ही पहुंची थी। इस कारण उस दौरान उनके खिलाफ बहुमत साबित नहीं हो पाया था। एक बाद फिर सदस्य उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए और 22 जनवरी को उन्हें कुर्सी से हाथ धोना पड़ा था।

---

# पुस्तकें कागज का पुलिंदा नहीं, बल्कि अनंत संभावनाओं के द्वार : डॉ. भारती

- मनोहर मेमोरियल कॉलेज में 'नॉलेज विदाउट लिमिट्स' पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को सम्मानित सोसायटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मनोहर मेमोरियल कॉलेज के राजीव गांधी पुस्तकालय द्वारा आज एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी 'नॉलेज विदाउट लिमिट्स' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें ज्ञान के असीमित स्त्रोतों से रूबरू करवाना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. विवेक भारती, डिप्टी कमिश्नर, फतेहाबाद द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में भी किताबों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एम.एम. एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव बत्रा उपस्थित रहे। जिन्होंने कॉलेज के इस शैक्षणिक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। कॉलेज से पुस्तकालय विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। एमएम एजुकेशन सोसायटी से प्रधान राजीव बत्रा, उपप्रधान अशोक कुमार तनेजा, महासचिव विनोद कुमार मेहता, बीएड कॉलेज उपप्रधान संजय बत्रा, गर्वनिंग बॉडी सदस्य सतपाल अरोड़ा, सुशील मानव, हिमांशु गेरा ने उपायुक्त को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# रेडियो ने सामाजिक बदलाव में निभाई अहम भूमिका, डिजिटल युग में भी लोकप्रियता बरकरार: कुलपति

- मनोहर मेमोरियल कॉलेज में 'नॉलेज विदाउट लिमिट्स' पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति।

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस डिजिटल युग में भी रेडियो अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है और सामाजिक परिवर्तन में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए रेडियो अब पॉडकास्ट, ऑनलाइन स्ट्रीमिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से नई पहचान बना रहा है। कुलपति शुक्रवार को विश्व रेडियो दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि रेडियो के क्षेत्र में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की वजह से एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। रेडियो जनसंचार का सशक्त माध्यम है, जिसने देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

---

# फतेहाबाद पुलिस ने गुम हुए 10 मोबाइल किए ट्रेस, कुल 465 फोन किया जा चुके है बरामद

- आईएमईआई आधारित ट्रेसिंग, लोकेशन विशलेषण के माध्यम से प्राप्त हुई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल सौंपते एसपी सिद्धांत जैन।

जिला पुलिस की साइबर टीम द्वारा विभिन्न शिकायतों में गुम हुए कुल 10 मोबाइल फोन को ट्रेस कर उन्हें बरामद कर लिया है। इन मोबाइलों को आज उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 6 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने मोबाइल फोन मालिकों को व्यक्तिगत रूप से उनके मोबाइल फोन लौटाए। साइबर थाना फतेहाबाद अब तक 465 से अधिक गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों तक पहुंचा चुका है। साइबर थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आईएमईआई आधारित ट्रेसिंग, लोकेशन विश्लेषण और डिजिटल सर्विलांस से सफलता प्राप्त की। पूरे अभियान के दौरान शिकायतों की गहन जांच, डेटा विश्लेषण और त्वरित फॉलो-अप को प्राथमिकता दी गई।

### फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर 10000 रुपये ठगने का आरोपी उत्तराखंड से काबू

- आरोपी ने अत्यंत आवश्यक कार्य का दिया था हवाला

**फतेहाबाद।** फेसबुक के माध्यम से 10 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फैजान अंसारी पुत्र अरमान अली निवासी जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस बारे नितिश कुमार पुत्र देवेंद्र गोस्वामी निवासी आर.के. कॉलोनी, फतेहाबाद ने 6 अक्टूबर 2025 को थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 23 सितंबर 2025 को उसके फेसबुक अकाउंट पर उसके चाचा हरपाल के नाम से बनाई गई एक फर्जी आईडी से संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें अत्यंत आवश्यक कार्य का हवाला देते हुए 10 हजार की मांग की गई तथा एक क्यूआर कोड भेजा गया। शिकायतकर्ता ने विश्वास में आकर उक्त क्यूआर कोड को स्कैन कर 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को काबू किया गया है।

### पेंशनर के लिए तुरंत प्रभाव से लागू की जाए कैशलेस मेडिकल सुविधा : गुरदीप सैनी



**सिरसा।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा की मासिक बैठक शुक्रवार को सेवानिवृत्त प्राचार्य अतुल्य जोशी व डा. तेजेंद्रजीत कौर की अध्यक्षता में हुई। उप प्रधान गुरदीप सिंह सैनी व जिला अध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता ने बताया कि इस मासिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर डीसीबी बैंक से आए रितीश चावला, वीरेंद्र शेखावत ने सेवानिवृत्ति कर्मचारी, सीनियर सिटीजन के लिए बैंक द्वारा जारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। बैंक की तरफ से उपस्थित सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को वार्षिक कैलेंडर और पेन देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मांग की गई कि पेंशनर्स को 65, 70 व 75 वर्ष आयु उपरांत 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाए, मेडिकल भत्ता 1000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए किया जाए। फेमिली पेंशनर्स को भी एलटीसी का लाभ दिया जाए। कोरोना काल का रोका गया 18 महीने का बकाया ब्याज सहित दिया जाए। सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा तुरंत लागू की जाए। इस अवसर पर सुनेश बिश्नोई, बलदेव सिंह, सुभाष चंद्र वर्मा, श्रीराम निरणियां, जगमिंदर सिंह, केवल कृष्ण सोनी, रघुबीर सिंगला, प्रमोद मोहन गौतम, कुलवंत सिंह, इकबाल सिंह, लाल चन्द गोदारा, सोहन सिंह सिद्धू, सुभाष गोयल, सुरेश बांसल, सुभाष मदान, महेंद्र स्वामी, सुशील बागड़ी, जनक राज, रत्न सिंह दुरेजा, डा. राज कुमार निजात, डी एस भांभू, पिंकी गुप्ता उपस्थित थे।

---

#### मानकों के अनुरूप नहीं है घग्गर का पानी

## सांसद सैलजा ने सदन में उठाया घग्गर नदी और कैंसर का मुद्दा

- वर्ष 2019 से 2023 के बीच कैंसर के मामलों में हुई लगातार वृद्धि दर्ज

**सिरसा।** सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा के शून्यकाल में सिरसा संसदीय क्षेत्र, विशेषकर घग्गर नदी के किनारे बसे गांवों में बढ़ते कैंसर और जलजनित बीमारियों की चिंताजनक स्थिति का मुद्दा सदन के पटल पर रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विषय किसी प्रकार की अफवाह या अनुमान पर आधारित नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में दिए गए आधिकारिक उत्तरों से प्रमाणित तथ्य हैं। लोकसभा प्रश्न संख्या 4760 (दिनांक 28 मार्च 2025) के उत्तर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार घग्गर नदी का पानी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। इसी प्रकार प्रश्न संख्या 3413 (दिनांक 8 अगस्त 2025) के उत्तर में यह बताया गया कि हरियाणा में वर्ष 2019 से 2023 के बीच कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि घग्गर नदी के किनारे रहने वाले लोगों में कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का जोखिम अधिक है, क्योंकि जल में लेड, आयरन और एल्युमिनियम जैसे तत्व निर्धारित सीमा से अधिक पाए गए हैं।

## ओढ़ा में शिव दर्शन भवन का निर्माण कार्य शुरू

- इंसान का जीवन परमात्मा के सान्धिय से होता है सफल

**ओढां।** ओढ़ा में ब्रह्मकुमारीज पाठशाला शिव दर्शन भवन में भूमि पूजन एवं नींव पत्थर स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण एवं नींव पत्थर रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।। राजयोगिनी कैलाश दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन की बहुत महिमा है और आज के इंसान ने खुद को नशों के अधीन कर दिया है। हम अपने जीवन को सुखदाई बनाएं और एक आना देकर अर्थात ब्रह्माकुमारी आश्रम में दिन में एक बार आकर फ्री मेडिटेशन कोर्स करें और अपने जीवन को सुख शांति से भरपूर करें। ओमप्रकाश भाई ने स्थान के महत्व को बताते हुए कहा कि जैसे मछली का जीवन जल में ही संभव है वैसे ही इंसान का जीवन परमात्मा सानिध्य में ही सफल हो सकता इसलिए आप सभी भी अपने जीवन की कीमत को समझें और इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुडक़र पूरा लाभ लें। मदन भाई ने अपने वक्तव्य में कहा कि ये ब्रह्माकुमारी बहनें अपने त्याग और तपस्या के बल से परमात्मा कार्य में सहयोगी बनी हैं और जन जन को परमात्मा का सच्चा परिचय देकर, परमात्म वर्से का अधिकारी बना रही हैं। शीला दीदी ने कहा कि हिम्मते मर्दा मद्दे खुदा अर्थात जब हम हिम्मत का एक कदम आगे बढ़ाते हैं तो परमात्मा हजार कदम मदद के आगे बढ़ाते हैं। हमें अपने जीवन में श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए और सबके लिए मन में शुभभावना रखनी चाहिए। कार्यक्रम में विधायक आदित्य देवीलाल ने कहा कि यह ब्रह्माकुमारी मिशन बहुत अच्छा काम कर रहा है।


**सिरसा।** शिव दर्शन भवन का नींव पत्थर रखते हुए कैलाश दीदी व विधायक आदित्य देवी लाल।

#### 2 अप्रैल तक पात्र कर सकते हैं आवेदन

## अग्निपथ योजना के तहत शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

- वर्ष 2027 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में होगी

**फतेहाबाद।** अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से शुरू हो गई है और 2 अप्रैल तक होगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार को अपना नाम वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। भर्ती निर्देशक, सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यार्थी द्वारा प्रति आवेदन परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। इच्छुक उम्मीद्वार उनकी योग्यता के अनुसार 2 अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष भी दिया गया है। अग्निवीर श्रेणी में प्राथमिकता का विकल्प है जिसको उम्मीदवार को आवेदन करते समय चुनाव करना है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) व द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 2 अप्रैल, 2026 के उपरांत बंद कर दी जाएगी।

---

#### 5 जनवरी की रात को हुई थी घटना

## कार से टक्कर मारकर तोडफ़ोड़ करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

- तेज रफ्तार कार से घर के सामने खड़ी बाइक को मारी थी टक्कर

**फतेहाबाद।** कार से टक्कर मारकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा दहशत फैलाने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक कुमार उर्फ दीपु पुत्र रणधीर सिंह निवासी मातू राम कॉलोनी, हाल हंस कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस बारे अरुण कुमार शर्मा पुत्र मदनलाल निवासी मातू राम कॉलोनी, फतेहाबाद ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 5 जनवरी रात को एक कार को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी गई। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल उछलकर उसकी कार से जा टकराई, जिससे वाहन को भारी नुकसान पहुंचा। एसएसचओ के अनुसार मामले की जांच जारी है तथा अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**धर्म-कर्म** | महाशिवरात्रि 15 फरवरी को, 300 साल बाद 8 योग का बना शुभ संयोग

शिवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार, भगवान शिव की होती है अराधना

# फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हुआ था भगवान शिव-पार्वती का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** महाशिवरात्रि को लेकर सजा दुर्गा मंदिर व पंडित राजेश शर्मा।

फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत और उपवास करने से भगवान शिव अपने भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस बार महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। इस बार महाशिवरात्रि पर 300 साल बाद 8 योग का शुभ संयोग बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व बढ़ गया है। शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार महाशिवरात्रि हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जो भगवान शिव की आराधना के रूप में मनाया जाता है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि का व्रत किया जाता है और इस बार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।

#### महाशिवरात्रि पूजा विधि

पंडित के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग का पंचामृत से अभिषेक करे और उसके ऊपर केसर मिलाकर जल अर्पित करना विशेष लाभदायक माना गया है। मंत्रों का जप जैसे ओम नमः शिवाय और ओम नमो भगवते रुद्राय करे। घी के दीपक से भगवान शिव और माता पार्वती की आरती करें।

#### 4 प्रहर की पूजा का मुहूर्त

पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर चार प्रहर का पूजा मुहूर्त बेहद खास माना जाता है। पहला प्रहर 15 फरवरी की शाम 6 बजकर 11 मिनट से रात 9 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। दूसरा प्रहर 15 फरवरी की रात 9 बजकर 23 मिनट से 16 फरवरी की रात 12 बजकर 35 मिनट तक होगा।

#### पूजा समय ज्यादा रहेगा

पंचांग के अनुसार महाशिवरात्रि की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी 2026 को शाम 5 बजकर 4 मिनट से शुरू होगी और 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर समाप्त होगी। इसका मतलब यह है कि मुख्य रूप से महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाई जाएगी, लेकिन तिथि रात और अगले दिन तक चलने के कारण पूजा का समय भी ज्यादा रहेगा। पारण का समय 16 की सुबह 6 बजकर 33 मिनट से दोपहर 3 बजकर 10 मिनट तक रहेगा।